# झारखण्ड सरकार
## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
## (उच्च शिक्षा निदेशालय)

पत्रांक–46 दिनांक–08/01/2025

**प्रेस–विज्ञप्ति**

**विज्ञापन सं0–01/2025–** **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिः–24.01.2025**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत उच्च शिक्षा निदेशालय हेतु वित्त पदाधिकारी के लिए झारखण्ड वित्त सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारी एवं वरीय लेखा/अंकेक्षण पदाधिकारी हेतु महालेखाकार से सेवानिवृत वरीय लेखा/अंकेक्षण पदाधिकारी/झारखण्ड अंकेक्षण सेवा के पदाधिकारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारियों से विहित प्रपत्र में दिनांक–24.01.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का विहित प्रपत्र उच्च शिक्षा निदेशालय के कमरा संख्या–321 से किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त की जा सकती है(www.jharkhand.gov.in)Select Department- Department of Higher & Technical Education-Higher Education-Recruitment and Download पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड (Download) किया जा सकता है।

| पद का नाम एवं संख्या | पद का स्वरूप | वेतनमान (Fixed Honorarium per Month) | अनुमान्य भत्ता |
|---|---|---|---|
| वित्त पदाधिकारी (02) | झारखण्ड वित्त सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति (01 वर्ष के लिए) एवं कार्यकुशलता के आधार पर अगले 02 (1+1) वर्षों के लिए संविदा अवधि विस्तार। | योजना–सह–वित्त विभाग (वित्त प्रभाग), झारखण्ड का संकल्प संख्या–1243/ वि0 दिनांक–28.04.2016 एवं संकल्प संख्या–928/वि0 दिनांक–06.04.2022 के आलोक में सेवानिवृत पदाधिकारियों के लिए वेतनमान PB-II- 9300-34800, GP-5400 हेतु निर्धारित मानदेय अनुमान्य होगा। | 1. मकान किराया भत्ता<br>2. परिवहन भत्ता<br>उक्त भत्ते योजना–सह– वित्त विभाग (वित्त प्रभाग), झारखण्ड का संकल्प संख्या–1243/वि0 दि0– 28.04.2016 एवं संकल्प संख्या–928/वि0 दिनांक–06.04.2022 (समय– समय पर यथा संशोधित परिपत्रों/संकल्पों से प्रभावित होगी) के नियमानुसार अनुमान्य होंगे। |
| वरीय लेखा/ अंकेक्षण पदाधिकारी, (01) | महालेखाकार से सेवानिवृत वरीय लेखा/अंकेक्षण पदाधिकारी/झारखण्ड अंकेक्षण सेवा के पदाधिकारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति (01 वर्ष के लिए)। कार्यकुशलता के आधार पर अगले 02 (1+1) वर्षों के लिए संविदा अवधि विस्तार। | योजना–सह–वित्त विभाग (वित्त प्रभाग), झारखण्ड का संकल्प संख्या–1243/ वि0 दिनांक–28.04.2016 एवं संकल्प संख्या–928/वि0 दिनांक–06.04.2022 के आलोक में सेवानिवृत पदाधिकारियों के लिए वेतनमान PB-II- 9300-34800, GP-4800 हेतु निर्धारित मानदेय अनुमान्य होगा। | 1. मकान किराया भत्ता<br>2. परिवहन भत्ता<br>उक्त भत्ते योजना–सह– वित्त विभाग (वित्त प्रभाग), झारखण्ड का संकल्प संख्या–1243/वि0 दि0– 28.04.2016 एवं संकल्प संख्या–928/वि0 दिनांक–06.04.2022 (समय– समय पर यथा संशोधित परिपत्रों/संकल्पों से प्रभावित होगी) के नियमानुसार अनुमान्य होंगे। |

**आवश्यक योग्यताः** **वित्त पदाधिकारी हेतु**–झारखण्ड वित्त सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारी एवं **वरीय लेखा/अंकेक्षण पदाधिकारी हेतु**–महालेखाकार से सेवानिवृत वरीय लेखा/अंकेक्षण पदाधिकारी/झारखण्ड अंकेक्षण सेवा के पदाधिकारी।

**कार्य अनुभवः** **वित्त पदाधिकारी हेतु**'–वित्तीय मामलों के जानकार एवं **वरीय लेखा/अंकेक्षण पदाधिकारी हेतु**–महालेखाकार कार्यालय में कम–से–कम पॉच वर्षों का वेतन निर्धारण संबंधी अनुभव।

**उम्र सीमा** : 24.01.2025 को अधिकतम 62 वर्ष।

**नोट** : नियुक्ति 01 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर की जायेगी एवं उनके कार्यकुशलता के आधार पर अगले 02 अर्थात् (1+1) वर्षों के लिए संविदा अवधि विस्तार किया जा सकेगा।

**निर्देशः–** श्री सुधीर कुमार, अवर सचिव, (उच्च शिक्षा निदेशालय), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड, रॉची (**पता–कमरा संख्या–321, तृतीय तल, योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, रॉची–834002**) को निबंधित डाक/पोस्ट द्वारा इस प्रकार आवेदन–पत्र प्रेषित किये जायें कि वे निर्धारित तिथि तक निश्चित रूप से प्राप्त हो जाय। लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या एवं आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें। आवेदन–पत्र के साथ अपने पासपोर्ट साईज के दो फोटो, पी0पी0ओ0/अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र आदि अन्य सभी महत्वपूर्ण प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियाँ अवश्य संलग्न करें। आवेदन–पत्र A4 साईज में जमा करें। डाक की गड़बड़ी का उत्तरदायित्व विभाग पर नहीं होगा और ऐसी स्थिति में आवेदक का दावा मान्य नहीं होगा। आवेदन–पत्र निर्धारित प्रपत्र में ही जमा करें तथा अधूरे आवेदन–पत्र एवं नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं होगा।

08/1/25.

(सुधीर कुमार)
**सरकार के अवर सचिव,**
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
झारखण्ड, रॉची।

# <u>विहित प्रपत्र</u>

**विज्ञापन संख्या–01/2025**

PHOTO

1. आवेदित पद का नाम : ........................................................................

2. आवेदक का नाम : ........................................................................

3. पिता/पति का नाम : ........................................................................

4. (क) स्थायी पता : मुहल्ला/ग्राम– ......... थाना– ...... डाकघर–..........

   जिला– ................. राज्य– ...... पिन कोड–........

   (ख) पत्राचार का पता : मुहल्ला/ग्राम– ...... थाना– ...... डाकघर–..........

   जिला– ....... राज्य– ..... पिन कोड–.........

5. जन्म तिथि : वर्ष ....... माह ..... दिन .....................

6. मोबाईल नम्बर : ............................................... ...................................................

7. कार्य अनुभव : ........................................................................

8. किस पद एवं वेतनमान से सेवानिवृत हुए है? (साक्ष्य की प्रति संलग्न करें)

   ........................................................................

9. श्रेणी– आरक्षित/अनारक्षित/अनु0ज0जाति/पि0व0/अ0पि0व0/महिला/पुरूष/विकलांग

10. अन्य कोई दावा (यदि हो तो) ........................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

## <u>घोषणा पत्र</u>

अधोहस्ताक्षरी मैं ..........................................................पिता/पति...........................................................घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं छिपाई है, और उपर्युक्त सूचनाऐं सत्य है, अगर गलत पायी जाती है तो मेरा दावा स्वतः समाप्त समझा जायेगा।

स्थान : ..............................

तिथि : ..............................

आवेदक का हस्ताक्षर